# <u>अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु</u>

## सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट टर्म – II परीक्षा, 2022
## अंक-योजना
## हिंदी (ब)
## विषय कोड—085
## प्रश्न-पत्र कोड--4/1/3

**सामान्य निर्देश:-**

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा- प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किये गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है | इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा-प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है | इस नीति /दस्तावेज को किसी को भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना IPC के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है|

3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करे और आश्वस्त हो कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर- पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×) । मूल्यांकन-कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हो तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग बायीं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

7. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

8. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 40 (उदाहरण 0--40 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

11. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की 30 उत्तर-पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 35 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन'में दिया गया है)

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं-
(क)उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
(ख)उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
(ग) उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
(घ) उत्तर-पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
(ङ)आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
(च) योग करने में अंकों और शब्दों में अंतर होना।
(छ)उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
(ज) कुल अंकों के योग में अशुद्धि।
(झ)उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना किंतु अंक न देना।

**MARKING SCHEME**

Secondary School Examination TERM–II, 2022

# HINDI B (Subject Code–085)

**[ Paper Code : 4/1/3 ]**

**Maximum Marks : 40**

**सामान्य निर्देश :**

1. अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है।
2. इस प्रश्नपत्र में वर्णनात्मक प्रश्न हैं। अतः अंक योजना में दिए गए उत्तर-बिंदु अंतिम नहीं हैं। ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं।
3. यदि परीक्षार्थी इन सांकेतिक बिंदुओं से भिन्न, किंतु उपयुक्त उत्तर दे, तो उसे पूर्ण अंक दिए जाएँ।
4. मूल्यांकन कार्य निजी व्याख्या के अनुसार नहीं, बल्कि अंक योजना के निर्देशानुसार ही किया जाए।

| Q. No. | EXPECTED ANSWER / VALUE POINTS | Marks |
|---|---|---|
| | **खंड—क**<br>**( वर्णनात्मक प्रश्नों के संभावित संकेत )** | |
| **1.** | किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित-<br>(क)<br>• ठाकुरबारी में ले जाकर आत्मीय व्यवहार<br>• सेवकों द्वारा उत्तम रहन-सहन और भोजन की व्यवस्था कराना<br>• धर्म की आड़ में हरिहर काका को प्रभावित कर स्वार्थ सिद्ध करने का प्रयास<br>• हरिहर काका को उनके परिवार से अलग करने का प्रयास<br>• हरिहर काका को बहलाने-फुसलाने की भरपूर कोशिश<br>( किन्हीं तीन बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित)<br><br>(ख) मुक्त उत्तर—<br>किन कारणों से अच्छा लगता है -<br>• पी. टी. और स्काउट पीरियड<br>• शिक्षक से शाबाशी पाना<br>• प्रिय विषय की कक्षा<br>• अध्यापकों से लगाव | 3×2=6<br><br><br><br><br><br><br>3 |

| | | |
|---|---|---|
| | किन कारणों से अच्छा नहीं लगता-<br>• कठोर अनुशासन<br>• अध्यापकों का रूखा व्यवहार<br>• विषय की कठिनता<br><br>(ग) मुक्त उत्तर—जैसे, प्रेम और आत्मीयता से, त्योहार के अवसर पर उसे विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता है, उसके जन्मदिन पर उपहार दिया जाता है, उनके पर्वों पर बधाई संदेश दिया जाता है।<br>(विद्यार्थियों के दृष्टिकोण तथा तर्क के आधार पर मूल्यांकन) | 2+1<br><br>3<br>6 |
| **2.** | किसी एक प्रश्न का उत्तर 60-70 शब्दों में अपेक्षित-<br>(क) 'टी-सेरेमनी' में<br>प्रभावित होने के बिंदु-<br>• पर्णकुटी की कलात्मकता एवं शांत वातावरण<br>• चाजीन की गरिमामयी क्रियाएँ<br>• तीन से अधिक लोगों का प्रवेश निषेध<br>• प्याले की दो घूँट चाय को डेढ़ घंटे तक एक-एक बूँद कर पीते रहना<br>( किन्हीं तीन बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित)<br>(ख)<br>• वज़ीर अली का साहस और निर्भीकता प्रशंसनीय।<br>• अपने शासनकाल में अवध को अंग्रेजों के प्रभाव से मुक्त रखना<br>• कंपनी के खिलाफ़ भारत के तत्कालीन प्रभावशाली शासकों को संगठित करने का प्रयास करना<br>• आत्मसम्मान की रक्षा हेतु गवर्नर के आदेश का विरोध एवं कंपनी के वकील की हत्या करना<br>• अंग्रेजों के खेमे में घुसकर कर्नल से कारतूस लेकर अपना परिचय देते हुए सुरक्षित लौटना<br>( किन्हीं चार बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 4×1=4<br><br>1+3<br><br>4<br>4 |

| | | |
|---|---|---|
| **3.** | किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में अपेक्षित -<br>(क)<br>• मनुष्य मरणशील है – इस पर विचार करना<br>• मृत्यु के भय से मुक्त होकर मानवीय गुणों को अपनाना<br>• परोपकार, उदारता, त्याग, करुणा, दया आदि<br>(ख)<br>• वर्षा ऋतु को<br>• पर्वतीय प्रदेशों में प्रकृति का क्षण-क्षण परिवर्तित रूप<br>• बादल का छाना, गरजना और बरसना<br>(कविता से संबंधित अन्य दृश्यों का वर्णन भी स्वीकार्य)<br>(ग)<br>• वीर सैनिकों के रक्त से रंजित धरती दुल्हन के लाल वस्त्रों की तरह सजी<br>• दुल्हन परिवार की मान-मर्यादा का प्रतीक, धरती देश की मान-मर्यादा का प्रतीक | 2×2=4<br><br>2<br><br>1+1<br><br>1+1 |
| | | 4 |
| | **खंड—ख** | |
| **4.** | दिए गए तीन विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग *150* शब्दों में अनुच्छेद-लेखन :<br>भूमिका 1 अंक<br>विषयवस्तु 4 अंक<br>भाषा 1 अंक | 6 |
| **5.** | पत्र-लेखन (*120* शब्द) :<br>आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ 1 अंक<br>विषयवस्तु 3 अंक<br>भाषा 1 अंक | 5 |
| **6.** | विज्ञापन-लेखन<br>(क) और (ख) प्रश्नों में दिए गए दो-दो विषयों में से एक-एक विज्ञापन लगभग *50* शब्दों में<br>2½ अंक के विज्ञापन की जाँच के लिए अंक विभाजन<br>विषयवस्तु 1 अंक | 2½×2=5 |

| | | |
|---|---|---|
| | प्रस्तुति 1 अंक<br>भाषा ½ अंक | |
| | | 5 |
| **7.** | सूचना-लेखन (*50* शब्द) :<br>(क) और (ख) प्रश्नों में दिए गए दो-दो विषयों में से एक-एक सूचना लगभग *50* शब्दों में<br>2½ अंक की सूचना की जाँच के लिए अंक विभाजन :<br>प्रारूप ½ अंक<br>विषयवस्तु 1½ अंक<br>भाषा ½ अंक | 2½×2=5 |
| | | 5 |
| **8.** | लघुकथा :<br>(शब्द-सीमा लगभग *120* शब्द)<br>विषयवस्तु 2 अंक<br>प्रस्तुति 2 अंक<br>भाषा 1 अंक | 5 |

* * *